दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष : 13 • डिजिटल अंक : 89 • मुंबई, गुरुवार, 26 नवंबर, 2026 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ : 04 • मूल्य : 0.00 • नि:शुल्क

खबर संक्षेप

जयपुर में महापौर ने 15 से अधिक स्थानों पर किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

जयपुर @ पदमावत मीडिया। नगर निगम महापौर सुनील कोठारी ने बुधवार को सिविल लाइंस एवं विद्याधर नगर जोन में पांच घंटे तक



सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान 15 से अधिक स्थानों पर पहुंचकर खुले कचरा डिपो, निर्माण मलबे, नालों में कचरा डालने, शौचालयों की स्थिति और अतिक्रमण का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित सफाई, टूटे डस्टबिन बदलने, खुले कचरा डिपो हटाने तथा सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। रेलवे स्टेशन के पास बंद मिले यूरिनल का ताला मौके पर खुलवाकर आमजन के लिए सुविधा शुरू करवाई तथा अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए एक दुकान से 20 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूला गया। महापौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने नागरिकों से कचरा डोर-टू-डोर संग्रहण वाहन में डालने तथा खुले में कचरा फेंकने वालों को रोकने की अपील की। निरीक्षण के दौरान संबंधित जोन के अधिकारी, पार्षद एवं निगम कर्मचारी मौजूद रहे।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोपी मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। सवीना थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 500 किलोमीटर तक लगातार पीछा कर आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। साथ ही नाबालिग पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, पिछले सप्ताह पीड़िता के परिजनों ने सवीना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 नवंबर 2026 की रात करीब 10 बजे उनकी नाबालिग बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में अपराध प्रमाणित पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश परमार (27), पुत्र मनोहरलाल, निवासी ग्राम पातली कुनाली, थाना दोवड़ा, जिला डूंगरपुर के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में सवीना थानाधिकारी दलवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक लाल सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह (1959), कांस्टेबल मांगीलाल (1096) एवं कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद (1038) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अवैध शराब बेचने वाले दो तस्कर और चाकू लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। सवीना थाना पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में दो अवैध शराब तस्करों और धारदार चाकू लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर थानाधिकारी दलवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने डाकन कोटड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से देशी महुआ शराब बेचते हुए किशनलाल मीणा (33) को गिरफ्तार कर शराब जब्त की। वहीं, फांदा-तितरड़ी और डाकन कोटड़ा क्षेत्र में दबिश देकर मोतीलाल उर्फ रूपलाल गमेती (50) को अवैध शराब के साथ पकड़ा। तीसरी कार्रवाई में लाल मगरी क्षेत्र से धारदार छुरी लेकर घूम रहे रोशनलाल मीणा (18) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अवैध शराब और हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

देश-विदेश में बढ़ा राजस्थान फाउंडेशन का दायरा, अब 51 चैप्टर

■ वर्ष 2023 में थे केवल 12 चैप्टर, पिछले तीन वर्षों में 39 नए जुड़े; न्यूयॉर्क से ऑकलैंड और दिल्ली से तिरुवनंतपुरम तक फैला प्रवासी राजस्थानी नेटवर्क

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए पिछले तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी क्रम में प्रवासियों के लिए नए विभाग का गठन, राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर, जिलों में प्रवासी प्रकोष्ठ, प्रवासी राजस्थानी दिवस, प्रवासियों के साथ निरंतर संवाद और देश-विदेश में प्रवासी मीट जैसे प्रयास किए जा रहे हैं।

राजस्थान फाउंडेशन का नेटवर्क अब 51 चैप्टर तक विस्तारित हो गया है। इनमें 25 राष्ट्रीय और 26 अंतरराष्ट्रीय चैप्टर शामिल हैं। वर्ष 2023 में फाउंडेशन के केवल 12 चैप्टर थे, जो सक्रिय नहीं थे। इन सभी को क्रियाशील करने के साथ पिछले तीन वर्षों में 39 नए चैप्टर बनाए गए हैं।

28 नए चैप्टर गठित, 11 के गठन की प्रक्रिया शुरू

राजस्थान फाउंडेशन द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के साथ जुड़ाव मजबूत करने के लिए नए चैप्टर का लगातार विस्तार



किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 16 अक्टूबर 2026 को प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम में 11 नए चैप्टर गठित करने की घोषणा की थी। इनके गठन और अध्यक्षों के मनोनयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025 पर 14 नए चैप्टर गठित करने की घोषणा की थी। फाउंडेशन ने इन सभी 14 चैप्टर का गठन कर उन्हें क्रियाशील कर दिया है। इनमें 9 अंतरराष्ट्रीय और 5 राष्ट्रीय चैप्टर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व में भी 14 नए चैप्टर गठित किए जा चुके हैं।

फाउंडेशन के इस विस्तार से विश्वभर में बसे प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद, समन्वय और सहभागिता को नई गति मिलेगी। इससे प्रवासी समुदाय को राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और निवेश संबंधी विकास कार्यों से जोड़ने में मदद मिलेगी। चैप्टर के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान, निवेश प्रोत्साहन, कौशल एवं तकनीकी सहयोग, शिक्षा, पर्यटन और समाजसेवा के क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित होंगी।

26 अंतरराष्ट्रीय चैप्टर

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका), मनामा (बहरीन), कुवैत सिटी (कुवैत), मस्कट (ओमान), कुआलालंपुर (मलेशिया), बैंकॉक (थाईलैंड), हांगकांग, ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), टोरंटो (कनाडा), दुबई (संयुक्त अरब अमीरात), दोहा (कतर), रियाद (सऊदी अरब), लंदन (ब्रिटेन), न्यूयॉर्क (अमेरिका), सिंगापुर, टोक्यो (जापान), मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया), काठमांडू (नेपाल), कंपाला (युगांडा), म्यूनिख (जर्मनी) और नैरोबी (केन्या) में चैप्टर क्रियाशील हैं।

इसके अतिरिक्त सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), मिलान (इटली), डबलिन (आयरलैंड) और नॉर्डिक क्षेत्र (स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे एवं फिनलैंड) में नए चैप्टर की घोषणा की जा चुकी है।

25 राष्ट्रीय चैप्टर

देश में फरीदाबाद (हरियाणा), तिरुवनंतपुरम (केरल), लुधियाना (पंजाब), वाराणसी (उत्तर प्रदेश), गंगटोक (सिक्किम), मुंबई (महाराष्ट्र), अहमदाबाद एवं सूरत (गुजरात), इंदौर (मध्य प्रदेश), पुणे (महाराष्ट्र), दिल्ली, रांची (झारखंड), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), बेंगलुरु (कर्नाटक), चेन्नई एवं कोयंबटूर (तमिलनाडु), हैदराबाद (तेलंगाना), भुवनेश्वर (ओडिशा) और गुवाहाटी (असम) में राजस्थान फाउंडेशन के चैप्टर संचालित हैं।

इसके अतिरिक्त रायपुर (छत्तीसगढ़), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), पटना (बिहार), सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल), पणजी (गोवा) और विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) में नए चैप्टर की घोषणा की जा चुकी है।

8 से 10 दिसंबर तक होगा दूसरा प्रवासी राजस्थानी दिवस

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में 10 दिसंबर को प्रतिवर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इसी क्रम में दूसरा प्रवासी राजस्थानी दिवस 10 दिसंबर को आयोजित होगा। इसके तहत 8 दिसंबर को झुंझुनूं के खेतड़ी स्थित अभयगढ़ में शेखावाटी हेरिटेज मीट और 9 दिसंबर को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रवासी सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। वहीं 10 दिसंबर को जयपुर के जेईसीसी में मुख्य समारोह होगा।

महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में मिनी हाई मास्ट लाइट का शुभारंभ

■ सभी 80 पार्षदों को साथ लेकर पूरे शहर का समग्र विकास करना प्राथमिकता : महापौर पारस सिंघवी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। नगर निगम के वार्ड 57 हिरण मगरी सेक्टर-6 में पुलिस थाने के पीछे स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में मिनी हाई मास्ट लाइट का शुभारंभ किया गया। नगर निगम महापौर पारस सिंघवी, समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, क्षेत्रीय पार्षद निर्मला पालीवाल, महेशपुरी गोस्वामी एवं गोविंद दीक्षित ने विधिवत रूप से लाइट का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय पार्षद निर्मला पालीवाल ने बताया कि क्षेत्रवासी लंबे समय से पार्क में पर्याप्त रोशनी के लिए हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग कर रहे थे। लाइट लगने से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने पार्क में रेलिंग लगाने, झूले सहित अन्य सुविधाएं विकसित करने की मांग भी महापौर के समक्ष रखी। इस पर महापौर पारस सिंघवी ने आश्वस्त किया कि वार्ड के सभी पार्कों में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के लिए नगर निगम टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कार्य करवाएगा। साथ ही पार्कों के बेहतर रखरखाव और विकास के लिए सामाजिक एवं स्थानीय संस्थाओं को पार्क गोद देने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी।



सभी वार्डों का समान विकास नगर निगम की प्राथमिकता

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पारस सिंघवी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल किसी एक क्षेत्र का विकास करना नहीं, बल्कि सभी 80 पार्षदों को साथ लेकर पूरे शहर का समग्र विकास करना और आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना है। शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना नगर निगम का नैतिक दायित्व है।

समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि पार्क में मिनी हाई मास्ट लाइट लगने से वृद्धजनों, महिलाओं एवं बच्चों को सुबह-शाम व्यायाम, सैर और खेलने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में महिला पार्षद होने से महिलाएं अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रख सकती हैं, जिससे क्षेत्र की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव होगा। इस अवसर पर भाजपा शहर जिला प्रवक्ता गोविंद दीक्षित, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष महेशपुरी गोस्वामी, महामंत्री जगदीश मेनारिया, पार्षद मनोज साहू, राजेंद्र गखरेचा, विद्युत शाखा के सहायक अभियंता रघुनंदन, पूर्व पार्षद देवेंद्र पुजारी, मुकेश शर्मा, लोकेश गौड़, रमेश जैन, एडवोकेट सुरेंद्र पालीवाल, दीपक मंडोवरा, द्वारकादास नेभनानी, सुरेश शर्मा, अशोक कुशवाहा, अशोक टपकारा, दिनेश स्वर्णकार, सर्वेश कुशवाहा, नीरज सनाढ्य, अभय सिंह, चित्रा मेनारिया, लता देवड़ा, डॉ. आशा वाजपेयी, किशन बंजारा, भूपेंद्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, गौतम लाल सांखला और राजेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

गांजा मुक्त भोमट अभियान : कोटड़ा में 135.250 किलो गांजे के हरे पौधे जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



उदयपुर। ऑपरेशन गांजा मुक्त भोमट के तहत कोटड़ा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 135.250 किलोग्राम गांजे के हरे पौधे जब्त किए हैं। पुलिस टीम को ये पौधे लुक फला क्षेत्र में एक अज्ञात मकान के बाहर आंगन में सुखाने के लिए रखे मिले। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे त्रिनेत्र अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में गांजा मुक्त भोमट अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुकुल शर्मा एवं वृत्ताधिकारी कोटड़ा डूंगरसिंह चुंडावत के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रभुलाल के नेतृत्व में गठित टीम ने 24 नवंबर 2026 को सर्कल गश्त के दौरान लुक फला में एक अज्ञात मकान के बाहर आंगन में गांजे के हरे पौधे सुखाने के लिए रखे देखे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मौके से कुल 135.250 किलोग्राम गांजे के हरे पौधे नियमानुसार जब्त किए। इस संबंध में कोटड़ा थाने में 24 नवंबर 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण संख्या 178/2026 दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की पहचान और तलाश के साथ मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। पुलिस ने अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थों की खेती, भंडारण और तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रखने की बात कही है। कार्रवाई में थानाधिकारी प्रभुलाल, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, कांस्टेबल रामनिवास और उत्पल तथा डीएसटी के हेड कांस्टेबल हितेन्द्र सिंह शामिल रहे।

जयपुर जिला प्रमुख पद पर कांग्रेस के यशवीर सूरा निर्वाचित

जयपुर @ पदमावत मीडिया। जिला परिषद जयपुर के जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी यशवीर सूरा ने भाजपा प्रत्याशी राजेश कुमार गुर्जर को 28 मतों से



हराकर जीत दर्ज की। सूरा को 42 और गुर्जर को 14 मत मिले। जिला परिषद के 57 निर्वाचित सदस्यों में से 56 मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए और सभी मत वैध पाए गए। नोटा के पक्ष में कोई मत नहीं पड़ा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी संदेश नायक ने सूरा को निर्वाचित घोषित कर नियमानुसार शपथ दिलाई। उप जिला प्रमुख पद का निर्वाचन 26 नवंबर को जिला परिषद कार्यालय में होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे बैठक शुरू होगी, 11 बजे तक नामांकन, 11 से 11.30 बजे तक संवीक्षा तथा दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी होगी। आवश्यकता होने पर मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। निर्वाचन में शामिल होने वाले सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

ग्रामीण जीवन की चुनौतियों से रूबरू हुए सेंट पॉल्स स्कूल के विद्यार्थी

सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश लेकर लौटी 78 विद्यार्थियों की टोली

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर की ओर से विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता, सेवा भावना एवं मानवीय मूल्यों का विकास करने के उद्देश्य से एक दिवसीय ग्रामीण एक्सपोजर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के 78 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवन की वास्तविक परिस्थितियों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के संघर्षों को करीब से समझने का अवसर मिला।

विद्यार्थियों ने गांव के खेतों का भ्रमण किया तथा राजकीय विद्यालय पहुंचकर वहां के बच्चों से संवाद किया। इस दौरान संगीत, नृत्य, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, भारतीय संविधान से जुड़ी गतिविधियों और चित्रकला प्रतियोगिता जैसी रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। सेंट पॉल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने ग्रामीण विद्यालय के बच्चों को चावल, दाल, तेल और गुड़ से युक्त खाद्य सामग्री के पैकेट भी भेंट किए।



जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित कर किया श्रमदान

कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने गांव के जरूरतमंद परिवारों के घरों का भ्रमण कर उनकी दैनिक जीवन की चुनौतियों को समझा। विद्यार्थियों ने अपनी ओर से प्रत्येक परिवार को नए कंबल वितरित किए। इसके अतिरिक्त राजकीय विद्यालय के बाहर सड़क निर्माण कार्य में एक घंटे तक श्रमदान कर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित अनुभव एवं प्रतिक्रिया सत्र में विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए। ग्रामीण परिवारों के संघर्षों को देखकर विद्यार्थी भावुक हुए। उन्होंने महसूस किया कि उन्हें जीवन में बेहतर सुविधाएं और संसाधन प्राप्त हैं। इस अनुभव ने उन्हें जरूरतमंद लोगों के प्रति संवेदनशील बनने तथा उपलब्ध संसाधनों का सम्मान करने की प्रेरणा दी।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा

विद्यालय के प्राचार्य फादर ए. जॉन बॉस्को ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर उनकी सेवा करना सराहनीय पहल है। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता की मेहनत से अर्जित धन का सम्मान करने, संसाधनों का सदुपयोग करने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सैमुअल फ्रांसिस, रोहित लोढ़ा एवं प्रीति पिल्लई ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन और सहयोग किया। विद्यालय के सहायक कर्मचारी भंवर एवं दीपक ने भी आयोजन के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक सुनीता सेबेस्टियन रहीं, जिन्होंने आयोजन की योजना एवं क्रियान्वयन का दायित्व संभाला।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय की ओर से पिछले वर्ष भी झाड़ोल गांव में इसी प्रकार का ग्रामीण एक्सपोजर कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें 74 विद्यार्थियों ने भाग लेकर ग्रामीण समुदाय के साथ सेवा एवं सहभागिता का अनुभव प्राप्त किया था। यह पहल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक वास्तविकताओं से जोड़कर संवेदनशील, जिम्मेदार और सेवाभावी नागरिक बनाने की दिशा में विद्यालय का प्रयास है।

शाहरुख खान से तुलना करने पर बोले सुदेश बेरी

'मैं कछुआ हूं, वो खरगोश'

अभिनेता ने आईएएनएस के साथ बातचीत में याद किया कि अक्सर उनसे पूछा जाता है कि वे शाहरुख खान जैसा स्टारडम क्यों नहीं हासिल कर पाए? इस सवाल का जवाब देते हुए सुदेश बेरी ने बताया कि हर किसी का सफर अलग होता है और आखिर में सब कुछ किस्मत पर निर्भर करता है।

अभिनेता सुदेश बेरी हिंदी सिनेमा का जाना-माना नाम हैं। अभिनेता का मानना है कि किसी भी व्यक्ति के सफल होने के पीछे किस्मत का बड़ा रोल होता है। अभिनेता ने आईएएनएस के साथ बातचीत में याद किया कि अक्सर उनसे पूछा जाता है कि वे शाहरुख खान जैसा स्टारडम क्यों नहीं हासिल कर पाए? इस सवाल का जवाब देते हुए सुदेश बेरी ने बताया कि हर किसी का सफर अलग होता है और आखिर में सब कुछ किस्मत पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई मुझसे इस तरह के सवाल पूछता है, तो मेरा जवाब यही रहता है, 'ये सब किस्मत का खेल है। मैं कछुआ हूं और वो खरगोश हैं। कछुआ धीरे चलता है और खरगोश तेज चलता है। सचिन तेंदुलकर, सनी देओल, शाहरुख खान, सलमान खान 'स' राशि के तहत पैदा हुए लोग कुछ अलग ही होते हैं, एकदम अलग क्लास के होते हैं। ' अभिनेता ने आगे बताया कि वे सनी देओल को अपना मेंटर मानते हैं। उनके करियर में सनी देओल का अहम रोल रहा है। सनी देओल की जिंदगी को देखिए, उन्होंने अपनी जिंदगी में कितना दर्द सहा है। उन्होंने मुझे लॉन्च किया था, मैंने उनके साथ सात फिल्में की हैं और वे मेंटर भी हैं। अगर सनी देओल ने फिल्ममेकर राजकुमार संतोषी के साथ फिल्म 'घायल' में काम करने के लिए हां नहीं कहा होता, तो उनका करियर किसी और ही दिशा में चला गया होता। सुदेश बेरी ने कहा, 'मैं एक ऐसा इंसान हूं, जिसका मानना है कि जैसा दिखता है, असल में वो आधी सच्चाई है या कोई सच्चाई ही नहीं है। मेरा मानना है कि मुश्किल समय सिर्फ बहादुर लोगों के सामने आता है, जिनमें उसका सामना करने की हिम्मत होती है और जिनके अंदर हिम्मत नहीं होती है, वो दो मिनट में गायब हो जाते हैं। तो एक आदमी, जो हीरे और सोने जैसा है। उसे वैसा बनाने के लिए पहले काटा और पीटा जाता है। जब उसकी पिटाई होती है, तो सोना बदल जाता है, निखरता है या गहने में बदल जाता है और फिर वो किसी के गले में जाएगा, जिसके गले में जाएगा, वो किस्मत है। '



इमरान हाशमी के साथ 30 साल की दोस्ती पर इमोशनल हुए 'गनमास्टर जी9' के डायरेक्टर

शेयर कीं तस्वीरें

छोटी हो या बड़ी, हर खुशी में एक-दूसरे के साथ रहने और भरोसा दिलाने तक कि आगे भी हम एक-दूसरे के साथ रहेंगे।' उन्होंने आगे लिखा, 'अब से 5 दिन बाद फिल्म 'गनमास्टर जी9' दुनिया के सामने होगी। मैं जानता हूं कि अब से हममें से कोई भी इसकी किस्मत तय नहीं कर सकता, ये पूरी तरह ऑडियंस के हाथ में है।



अभिनेता इमरान हाशमी आगामी एक्शन-रोमांस और थ्रिलर फिल्म 'गनमास्टर जी9' रिलीज के लिए तैयार हैं। सोमवार को फिल्म निर्देशक आदित्य दत्त ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इमरान हाशमी के साथ तीन दशक की दोस्ती को सेलिब्रेट किया। निर्देशक ने इंस्टाग्राम पर इमरान हाशमी के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं और फिल्म 'जहर' वाली दिनों को याद किया। तस्वीरें पोस्ट कर आदित्य दत्त ने लिखा, 'काश, लोगों को पता होता कि हम किस बेवकूफी पर हंस रहे थे। ईएमआई, मैं बस पीछे मुड़कर देख रहा हूं। ' उन्होंने लिखा, 'खाने के बिल के पैसों को लेकर लड़ने से लेकर अपने सारे सीक्रेट शेयर करने तक, फिल्म जहर का पहला कट देखने के बाद आधी रात को हम दोनों खड़े होकर टेंशन ले रहे थे कि कल क्या होगा और हमारा करियर कैसा रहेगा। छोटी हो या बड़ी, हर खुशी में एक-दूसरे के साथ रहने और भरोसा दिलाने तक कि आगे भी हम एक-दूसरे के साथ रहेंगे।



'आशिकी 2' के 13 साल बाद फिर साथ आईं श्रद्धा-श्रेया

'जी जी रे जी' को लेकर इमोशनल हुईं एक्ट्रेस

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ईठा' के हालिया रिलीज सॉन्ग 'जी जी रे जी' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। सोमवार को अभिनेत्री ने गायिका श्रेया घोषाल के साथ अपने पुराने दिनों को याद किया। दरअसल, फिल्म 'आशिकी 2' के लिए गाना गायिका श्रेया घोषाल ने ही गाया था और अब फिल्म 'ईठा' के हालिया रिलीज गाना 'जी जी रे जी' को भी गायिका ने अपनी आवाज में गाया है, जिसे लेकर अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने यादें ताजा की। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर हालिया कॉन्सर्ट की कुछ तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें उनके साथ गायिका श्रेया घोषाल भी नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट के जरिए 2013 की फिल्म 'आशिकी 2' को याद किया, जिसमें श्रेया घोषाल ने उनके किरदार 'आरोही' के लिए गाना गाया था। श्रद्धा कपूर ने लिखा, 'बहुत अच्छा लग रहा है कि गाना 'जी जी रे जी' को दिव्य श्रेया घोषाल ने गाया है, जो 13 साल पहले आरोही की भी आवाज थीं, जब मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई थी। मुझे अपने स्टेज पर बुलाने के लिए शुक्रिया। ' 'जी जी रे जी' फिल्म 'ईठा' का पहला गाना है, जिसके जरिए दर्शकों को फिल्म की रंगीन और संगीतमय दुनिया की पहली झलक देखने को मिल रही है। इस गाने को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है। यह एक लावणी-प्रेरित गीत है, जिसमें श्रद्धा कपूर दिग्गज लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के किरदार में नजर आती हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म के निर्माता दिनेश विजान, लक्ष्मण उतेकर और करिश्मा शर्मा हैं। इसके अलावा, फिल्म में रणदीप हुडा, मोहम्मद जीशान अय्यूब, सिद्धार्थ जाधव, अनंत जोशी और दिवंगत नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी 1940 से 1990 के दौर में महाराष्ट्र की लावणी और तमाशा परंपरा के बीच पली-बढ़ी एक कलाकार के सफर को दिखाती है। यह फिल्म 'ईठा' 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



शरवरी वाघ को 'हम साथ साथ हैं' दिलाती है अपने परिवार की याद, बताई खास वजह

अभिनेत्री शरवरी वाघ जल्द ही निर्देशक सूरज बड़जात्या की आगामी म्यूजिकल पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में नजर आएंगी। उन्होंने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि राजश्री की कौन-सी फिल्म उन्हें परिवार की याद दिलाती है। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म 'हम साथ साथ हैं' उनके दिल के बेहद करीब है। अभिनेत्री ने बताया कि यह फिल्म उन्हें उनके एक्सटेंडेड फैमिली की याद दिलाती है, जिसमें उनके मामा और मौसी का परिवार शामिल है। उन्होंने कहा, 'असल में मुझे फिल्म 'हम साथ साथ हैं' याद है क्योंकि पहले मेरा परिवार, मौसी का परिवार और नानी का परिवार साथ में मिलकर घूमने जाते थे, तो 'हम साथ-साथ' देखकर मुझे लगता था कि हम अपने ही परिवार की फिल्म देख रहे हैं। वो फिल्म मुझे बहुत अच्छे से याद है। ' वहीं, अभिनेता आयुष्मान खुराना ने बताया कि जब वह 3-4 साल के थे, तब उन्होंने फिल्म 'मैंने प्यार किया' देखी थी। आयुष्मान ने कहा कि उनके चाचा की शादी में शादी के तोहफों के तौर पर एक वीसीआर और टेलीविजन आया था, साथ ही 'मैंने प्यार किया' का एक कैसेट भी था। एक्टर ने यह भी माना कि उन्होंने बचपन में यह आइकॉनिक फिल्म लगभग 100 बार देखी थी। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी म्यूजिकल फैमिली ड्रामा फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' शादी से जुड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों और जिम्मेदारियों पर एक नया नजरिया पेश करती है। पूर्वा (शरवरी वाघ) के घर की जिम्मेदारियों और परिवार को संभालने के लिए प्रेम (आयुष्मान खुराना) अपने परिवार के साथ उसके घर में शिफ्ट हो जाता है, जिसके बाद दोनों परिवारों के बीच तालमेल और समझ की कहानी आगे बढ़ती है। फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया ने दिया है। इसे राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है और दुनियाभर में यशराज फिल्म्स इसका डिस्ट्रीब्यूशन कर रही है।



आयुष्मान ने कहा कि उनके चाचा की शादी में शादी के तोहफों के तौर पर एक वीसीआर और टेलीविजन आया था, साथ ही 'मैंने प्यार किया' का एक कैसेट भी था। एक्टर ने यह भी माना कि उन्होंने बचपन में यह आइकॉनिक फिल्म लगभग 100 बार देखी थी। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी म्यूजिकल फैमिली ड्रामा फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' शादी से जुड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों और जिम्मेदारियों पर एक नया नजरिया पेश करती है।

'अभिनेता ने आगे कहा कि आज की तेजतर्रार दुनिया में, बहुत से लोग अकेले रहना पसंद करते हैं लेकिन इमोशनल सपोर्ट और ग्राउंडिंग ने जॉइंट फैमिली में रहना एक खूबसूरत सपना बना दिया है। वह अपनी बात को मजाकिया अंदाज में रखते हुए कहते हैं कि आजकल तो लोग परिवार ही नहीं बनना चाहते हैं।'

आयुष्मान खुराना ने याद किया जॉइंट फैमिली वाला बचपन

कहा-पंजाबी फैमिली में अब नहीं रहा ये कल्चर

अभिनेता आयुष्मान खुराना की आगामी पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता और फिल्ममेकर सूरज सूरज बड़जात्या ने आईएएनएस के साथ बातचीत में जॉइंट फैमिली में रहने के कॉन्सेप्ट पर बात की। अभिनेता ने याद किया कि कैसे उनके माता-पिता छोटे परिवार में शिफ्ट होने से पहले बड़े परिवार मे रहा करते थे। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हर परिवार की अपनी एक परंपरा होती है। मैंने देखा है कि मारवाड़ी और बिजनेस फैमिली में अभी भी बड़े परिवार में रहने का कल्चर बना हुआ है लेकिन पंजाबी फैमिली में इतना नहीं होता है। मुझे याद है कि जब मैं छोटा था, तो हम जॉइंट फैमिली में रहते थे। फिर, मेरे माता पिता न्यूक्लियर फैमिली में शिफ्ट हो गए। ' अभिनेता ने आगे कहा कि आज की तेजतर्रार दुनिया में, बहुत से लोग अकेले रहना पसंद करते हैं लेकिन इमोशनल सपोर्ट और ग्राउंडिंग ने जॉइंट फैमिली में रहना एक खूबसूरत सपना बना दिया है। वह अपनी बात को मजाकिया अंदाज में रखते हुए कहते हैं कि आजकल तो लोग परिवार ही नहीं बनना चाहते हैं। आयुष्मान ने कहा, 'आज के समय में तो लोग मिलकर नहीं बल्कि अकेले रहना चाहते हैं, एक सोसाइटी के तौर पर आज हम उस मुकाम में आ गए हैं। तो इस स्थिति में जब आपको इस भागती-दौड़ती जिंदगी में जमीनी, ग्राउंडिंग चीजें चाहिए होती हैं, तो जॉइंट फैमिली में रहना एक बहुत बड़ी इमोशनल एस्पिरेशन है। ' वहीं, फिल्ममेकर सूरज बड़जात्या ने भी परिवार के करीब रहने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि जब माता-पिता दोनों कामकाजी होते हैं, तो घर के बड़े बच्चों की परवरिश में कैसे अहम रोल निभाते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे की जरूरत होती है और अपनों के करीब रहने की इच्छा सम्मान की हकदार है।





'कुछ भी हो सकता है' ने पूरे किए 22 साल

अनुपम खेर बोले-असफलता को अपनाना सीखो

अभिनेता अनुपम खेर के नाटक 'कुछ भी हो सकता है' ने रंगमंच की दुनिया में 22 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर अभिनेता ने जिंदगी की निराशाओं और असफलताओं पर अपनी बात रखी। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अभिनेता अलग-अलग गेटअप में स्टेज पर परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में नाटक की झलकियां और पिछले सालों में इसके सफर की झलक देखने को मिल रही है। अपनी इस पोस्ट के जरिए अनुपम खेर ने बताया कि पिछले दो दशकों से यह नाटक उन अनुभवों को सेलिब्रेट करता आया है, जिन्हें लोग अक्सर छिपाने की कोशिश करते हैं। इनमें असफलता, निराशा और जिंदगी की चुनौतियां शामिल हैं। अभिनेता ने लिखा, 'हमारा नाटक 'कुछ भी हो सकता है' पिछले 22 सालों से उन्हीं चीजों का जश्न मनाता आ रहा है, जिन्हें हम अक्सर छिपाने की कोशिश करते हैं- निराशा, असफलता और जिंदगी की मुश्किलें। मैंने भी इन्हें अपनाया है क्योंकि मेरा मानना है कि यही किसी शानदार चीज की ओर पहला कदम बन सकती हैं। ' उन्होंने लिखा, 'यह नाटक इसी सोच पर बना है और दुनियाभर के दर्शकों ने इसे अपनाया है। 'कुछ भी हो सकता है' नाटक 25 नवंबर को सेंट एंड्रयूज ऑडिटोरियम, बांद्रा में वापस आ रहा है। आइए हमारे साथ जिंदगी की खूबसूरत और अनपेक्षित संभावनाओं का जश्न मनाइए। ' अनुपम खेर का आत्मकथात्मक नाटक 'कुछ भी हो सकता है' एक सोलो थिएटर प्रोडक्शन है। इसमें एक्टर अपनी जिंदगी के किस्से शेयर करते हैं, जिसमें उनकी असफलताएं, मुश्किलें और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उनका सफर शामिल है। फिरोज अब्बास खान द्वारा निर्देशित नाटक अनुपम खेर के बचपन की यादों, शुरुआती असफलताओं (जैसे पहला स्कूली नाटक, पहला प्यार, 'गांधी' के ऑडिशन में असफलता), राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के दिनों और 'सारांश' जैसी फिल्मों से मिली पहचान के सफर को दिखाता है। दो दशकों से भी ज्यादा समय से चल रहा यह नाटक 25 नवंबर को मुंबई के बांद्रा स्थित सेंट एंड्रयूज ऑडिटोरियम में फिर से मंच पर आएगा।

खबर संक्षेप

स्कूटी योजना के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर

दस्तावेजों में नाम-जन्मतिथि के अक्षरशः मिलान और मूल, आय प्रमाण पत्र अपलोड करने के सख्त निर्देश

भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान की ओर से संचालित कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा



स्कूटी व प्रोत्साहन राशि योजना (सत्र 2026-27) के तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। जिला नोडल स्कूटी केंद्र, सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा राव द्वारा जिले के सभी राजकीय और निजी महाविद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययनरत पात्र छात्राओं से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना यथाशीघ्र आवेदन करने हेतु निर्देशित किया गया। प्राचार्या डॉ. प्रतिभा राव ने जिले के समस्त महाविद्यालय प्राचार्यों एवं स्कूटी प्रभारियों से भी आह्वान किया है कि वे अपने स्तर पर समस्त दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच के उपरांत त्रुटिरहित आवेदन ही जिला नोडल केंद्र को अग्रषित करें। जिला नोडल स्कूटी अधिकारी सूर्यप्रकाश पारीक ने बताया कि छात्रा के दस्तावेजों में विसंगतियों के कारण आवेदन निरस्त न होने हेतु छात्राओं को नियमावली का अध्ययन कर आवेदन करने हेतु जानकारी दी। इस वर्ष केवल वही छात्राएं पात्र होंगी जो महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित रूप से प्रवेशित हैं, स्वयंपाठी छात्राएं इसके लिए पात्र नहीं हैं। देवनारायण योजना में केवल अति पिछड़ा वर्ग (एसबीसी) की छात्राएं ही आवेदन कर सकेंगी, जबकि कालीबाई भील योजना में सामान्य (आर्थिक पिछड़ा वर्ग), ओबीसी, एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यक वर्ग की पात्र छात्राएं आवेदन की हकदार होंगी। श्री पारीक ने बताया कि ई-मित्र पर फॉर्म भरवाते समय छात्राएं स्वयं स्क्रीन पर जांच लें कि आवेदन पत्र में उनका, माता और पिता का नाम तथा जन्मतिथि 10वीं व 12वीं की अंकतालिका, जन आधार, बैंक पासबुक और आय प्रमाण पत्र में अक्षरशः एक समान दर्ज हो। स्पेलिंग या जन्मतिथि में किसी भी प्रकार की भिन्नता होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पोर्टल पर माता-पिता की ढाई लाख रुपये से कम वार्षिक आय का सत्र 2026-27 का एक पृष्ठ वाला पूर्ण भरा हुआ मूल आय प्रमाण पत्र ही स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। नोडल केंद्र के निदेर्शानुसार आवेदन के साथ वर्तमान महाविद्यालय की मूल शुल्क रसीद अपलोड करनी होगी। साथ ही छात्रा के स्वयं के नाम से संचालित बैंक खाते की पासबुक की स्पष्ट प्रति, जन आधार पर मोबाइल नंबर अपडेट होने की पुष्टि करने वाला निर्धारित शपथ पत्र तथा 12वीं की मूल अंकतालिका अपलोड करना आवश्यक है।

जिला प्रमुख पद के निर्वाचन में कैलाश चंद्र मीना निर्वाचित

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न

भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया। पंचायत आम चुनाव-2026 के तहत जिला प्रमुख पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया बुधवार को संपन्न हुई। निर्वाचन में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी कैलाश चंद्र मीणा जिला प्रमुख निर्वाचित हुए । जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिला प्रमुख पद के निर्वाचन के लिए जिला परिषद के कुल 45 सदस्यों ने मतदान किया। मतगणना में इंडियन नेशनल कांग्रेस के पक्ष में 31 मत प्राप्त हुए, जबकि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में 14 मत पड़े। इस प्रकार कांग्रेस प्रत्याशी कैलाश चंद्र मीणा ने भाजपा प्रत्याशी सुखालाल को 17 मत से पराजित कर जिला प्रमुख पद पर विजय प्राप्त की। इस प्रकार जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिला प्रमुख पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण , निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुई। गुरुवार, 26 नवंबर को जिला परिषद के उप प्रमुख पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित होगी।

घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं को न्याय संरक्षण, पुनर्वास और आर्थिक निर्भरता पर जोर

महिलाओं के अनुभवों से संस्थागत सुधार की दिशा में संवाद; पुलिस, विधिक सेवा संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय पर बल











पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

भोपाल। '16 Days of Activism 2026' के अंतर्गत मध्यप्रदेश सिविल सोसायटी नेटवर्क द्वारा वठ हङ्केील्ल के सहयोग से पलाश होटल, भोपाल में "From Lived Experiences to Institutional Action: A Dialogue on Ending Domestic Violence" विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, पुलिस, विधिक सेवा संस्थाओं तथा संबंधित क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। चर्चा में घरेलू हिंसा के मामलों में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों, महिलाओं को उपलब्ध संरक्षण एवं कानूनी सहायता, पुलिस की भूमिका, पुनर्वास और सहायता तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

महिला ऊर्जा डेस्क को और प्रभावी बनाने पर जोर : श्री विनीत कपूर

श्री विनीत कपूर ने चर्चा के दौरान कहा कि घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में पुलिस, संरक्षण अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय होने पर महिलाओं को समय पर सहायता और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा के प्रत्येक मामले में महिला की परिस्थिति और उसकी इच्छा को समझना आवश्यक है। कई महिलाएं प्रारंभ में एफआईआर दर्ज कराने के बजाय बातचीत और परामर्श के माध्यम से समस्या का समाधान चाहती हैं। ऐसे मामलों में उनकी इच्छा के अनुरूप परामर्श की व्यवस्था की जा सकती है, लेकिन यदि महिला कानूनी कार्रवाई चाहती है तो उसकी शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। परामर्श का उद्देश्य महिला पर किसी प्रकार का दबाव बनाना नहीं, बल्कि उसे उचित विकल्पों और सहायता तंत्र से जोड़ना होना चाहिए।

थानों की स्थिति की समीक्षा कर कमियों को दूर किया जाएगा

श्री कपूर ने कहा कि जिन थानों में महिला ऊर्जा डेस्क प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो रही है, वहां की समस्याओं की पहचान कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित स्वयंसेवी संस्थाओं से अपने-अपने कार्यक्षेत्र के थानों की स्थिति पर आधारित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आग्रह किया, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन कर कमियों को दूर किया जा सके। उन्होंने भोपाल से इसकी शुरूआत करने तथा संबंधित संस्थाओं के साथ बैठक कर महिला ऊर्जा डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने की बात कही।

उन्होंने यह भी कहा कि वे प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रख सकती हैं। इस व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई और उनके निराकरण की नियमित निगरानी की जाएगी।

श्री कपूर ने पुलिस और नागरिक समाज संगठनों के बीच समन्वय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वयंसेवी संस्थाएं अपने अनुभवों और जमीनी स्थिति के आधार पर सुझाव दें। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास कानून-व्यवस्था, वीआईपी ड्यूटी और अन्य जिम्मेदारियां भी होती हैं, लेकिन इन व्यस्तताओं के बीच महिला संबंधी अपराधों और शिकायतों पर सतत ध्यान देना आवश्यक है। बेहतर निगरानी, संवेदनशीलता और नागरिक सहभागिता से इस व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने बताया कि घरेलू हिंसा को आज भी कई बार केवल शारीरिक प्रताड़ना तक सीमित मान लिया जाता है, जबकि मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक प्रताड़ना भी महिलाओं के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। प्रतिभागियों ने कहा कि घरेलू हिंसा की शिकायतों को गंभीरता से सुनना और महिला को उसकी परिस्थिति के अनुरूप सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है।

पुनर्वास और आर्थिक आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देने की आवश्यकता

चर्चा में स्वयंसेवी संस्थाओं ने बताया कि घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं के पुनर्वास में कई व्यावहारिक बाधाएं आती हैं। आश्रय गृहों में रहने वाली महिलाओं के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता, बच्चों का स्कूल में प्रवेश, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार की व्यवस्था करना कई बार चुनौतीपूर्ण होता है। दस्तावेजों की कमी और शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी बाधाएं उनके लिए आत्मनिर्भर बनने के अवसर सीमित कर देती हैं।

प्रतिभागियों ने कहा कि महिलाओं को केवल परिवार में वापस भेजना या समझौता कराना ही समाधान नहीं हो सकता। उनके निर्णय, सुरक्षा और इच्छा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराना भी जरूरी है। पुनर्वास की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए, जिससे महिला सम्मानपूर्वक और सुरक्षित जीवन जीने में सक्षम हो सके।

नि:शुल्क विधिक सहायता और प्रतिकर की प्रक्रिया की दी जानकारी

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (उछरअ) के प्रतिनिधियों ने बताया कि पात्र महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसके लिए नियुक्त पैनल अधिवक्ताओं या किसी अन्य व्यक्ति को कोई शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है।

प्रतिकर के संबंध में बताया गया कि संबंधित मामले और पात्रता के आधार पर न्यायालय द्वारा प्रतिकर निर्धारित किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव शासन को भेजता है। स्वीकृति के बाद राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ऑनलाइन अंतरित की जाती है।

घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रोटोकॉल बनाने पर विचार

बैठक में महिला अधिकारों से जुड़े प्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने कहा कि घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित संस्थाओं की भूमिका और जिम्मेदारियां स्पष्ट होना जरूरी है। चर्चा में यह चिंता भी सामने आई कि कई बार सामाजिक सोच के कारण घरेलू हिंसा को परिवार का निजी मामला मानकर देखा जाता है और महिला की इच्छा के विपरीत उसे समझौते या परिवार में वापस लौटने के लिए प्रेरित किया जाता है।

प्रतिभागियों ने कहा कि यदि कोई महिला हिंसक वातावरण से अलग होना चाहती है या कानूनी प्रक्रिया अपनाना चाहती है, तो उसके निर्णय का सम्मान करते हुए उसे आवश्यक सहायता मिलनी चाहिए। परामर्श और समझाइश की प्रक्रिया महिला की सुरक्षा, गरिमा और इच्छा को ध्यान में रखकर होनी चाहिए। पुलिस, संरक्षण अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर, विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायिक संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय के लिए एक व्यावहारिक प्रोटोकॉल अथवा मैनुअल तैयार करने की आवश्यकता भी रेखांकित की गई।

बैठक में बताया गया कि भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित विभिन्न स्थानों पर संबंधित संस्थाओं और अधिकारियों के साथ चर्चा कर घरेलू हिंसा अधिनियम के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को समझने का प्रयास किया गया है। इन अनुभवों के आधार पर व्यवस्था में सुधार, संस्थाओं की जिम्मेदारियां स्पष्ट करने और महिलाओं के संरक्षण एवं पुनर्वास को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में पहल करने पर विचार किया गया।

कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं को केवल तात्कालिक राहत नहीं, बल्कि सुरक्षा, न्याय, विधिक सहायता, सम्मानजनक जीवन और दीर्घकालिक पुनर्वास उपलब्ध कराना सभी संबंधित संस्थाओं की साझा जिम्मेदारी है। इसके लिए पुलिस, प्रशासन, विधिक सेवा संस्थाओं और नागरिक समाज संगठनों को समन्वित प्रयासों के साथ कार्य करना होगा।

अवैध गैस रिफिलिंग पर सविना पुलिस की कार्रवाई, तीन दुकान संचालक गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



उदयपुर। सविना थाना पुलिस ने अवैध गैस रिफिलिंग और बिना वैध दस्तावेज गैस टंकियां रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन दुकान संचालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न दुकानों से कुल 23 घरेलू गैस टंकियां, रिफिलिंग के उपकरण, पाइप, नोजल और एक इलेक्ट्रिक वजन कांटा जब्त किया है। संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए की गई इस कार्रवाई की सूचना रसद विभाग को भी दी गई है।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी नगर पूर्व छवि शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी दलबीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने 24 नवंबर की रात टोलनाका के पास स्थित होटलों, ढाबों और किराना दुकानों की औचक जांच की। इस दौरान आशापुरा किराणा स्टोर पर अवैध गैस रिफिलिंग करते पाए जाने पर संचालक जसवंत सिंह (26) निवासी आवरीमाता कॉलोनी, उदयपुर के कब्जे से चार घरेलू गैस टंकियां, एक इलेक्ट्रिक वजन कांटा तथा रिफिलिंग पाइप और नोजल जब्त किए गए।

विनायक जनरल स्टोर के संचालक रणजीत (44) निवासी स्नेहा विहार, तितरड़ी की दुकान से आठ घरेलू गैस टंकियां और 21 गैस टंकियों से संबंधित रिफिलिंग उपकरण जब्त किए गए। दुकान पर टंकियों के वैध दस्तावेज भी नहीं मिले। वहीं, गुर्जर किराणा स्टोर का संचालक मोहन गुर्जर पुलिस को देखकर दुकान छोड़कर फरार हो गया। दुकान की जांच के दौरान सात घरेलू गैस टंकियां और रिफिलिंग उपकरण मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। न्यू सावरिया व्यवसायी की दुकान से संचालक देवीलाल (21) निवासी भावली, थाना मावली के कब्जे से चार घरेलू गैस टंकियां और रिफिलिंग पाइप मय नोजल जब्त किए गए।

पुलिस ने संज्ञेय अपराध की आशंका और संभावित दुर्घटना की रोकथाम के मद्देनजर जसवंत सिंह, रणजीत और देवीलाल को धारा 126/170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया है। अवैध गैस रिफिलिंग के संबंध में रसद विभाग को सूचना दी गई है। विभाग की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फरार दुकान संचालक मोहन गुर्जर की तलाश की जा रही है।

कार्रवाई में थानाधिकारी दलबीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल सहदेव और भानुप्रकाश तथा कांस्टेबल अशोक कुमार, दिनेश कुमार, नागेन्द्र सिंह एवं प्रकाश पटेल शामिल रहे।

मध्यप्रदेश की सामुदायिक पुलिस प्रणाली को मिला राष्ट्रीय सम्मान : बड़वानी जिले की जनसंवाद योजना आपकी बात-पुलिस के साथ स्कॉच अवार्ड के लिये चयनित











पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

भोपाल। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश पुलिस के जन-केंद्रित नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। बड़वानी पुलिस द्वारा संचालित जनसंवाद अभियान आपकी बात-पुलिस के साथ को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्कॉच अवार्ड (SKOCH Award) के लिए चयनित किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में संचालित इस पहल के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने, नागरिकों की समस्याओं को सुनने तथा उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है।

स्कॉच ग्रुप द्वारा 24 नवंबर 2026 को जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल को इस उपलब्धि की सूचना दी गई है। स्कॉच अवार्ड शासन एवं विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट और परिणाम आधारित नवाचारों को स्वतंत्र एवं बहुस्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद प्रदान किया जाता है।

जनसंवाद क्या है

जनसंवाद एक सामुदायिक पुलिस कार्य प्रणाली है जिसमें पुलिस के अधिकारी सीधा संवाद जनता से करते हैं, जनता की समस्याओं को सुनते हैं और उसका सामाधन त्वरित रूप से करने का प्रयास करते हैं, लगातर जनसंपर्क कर जनता की भावनाओं को समझ कर पुलिंग की करण प्रणाली की दिशा और दिशा तय करते हैं।

बड़वानी का जन संवाद ह्यआपकी बात पुलिस के साथ

बड़वानी जिले में जन संवाद की इस नवाचार को विशिष्ट रूप प्रदान करते हुये पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने आपकी बात पुलिस के साथ योजना प्रारंभ की। इसमें सीधे बच्चों से ग्रामीण जनों से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में संवाद की एक नहीं परंपरा स्थापित की है और जनता खुलकर इसमें सामने आ रही है। पुलिस इसमें अपना योगदान दे रही है।

19 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित होगा सम्मान समारोह

इस उपलब्धि के लिए 111वें स्कॉच समिट का आयोजन 19 दिसंबर 2026 को नई दिल्ली स्थित पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHD House), सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया में किया जाएगा। समिट की थीम विकास, समृद्धि और लचीलापन (Growth, Prosperity and Resilieance) रखी गई है। सम्मान समारोह प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

बड़वानी पुलिस की इस उपलब्धि से मध्यप्रदेश पुलिस की जनसेवा, जनसंवाद और सामुदायिक पुलिसिंग की पहल को राष्ट्रीय पहचान मिली है। यह सम्मान नागरिकों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील एवं जन-केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करेगा।

डीजीपी आनंद जैन ने द्रास में लद्दाख परिषद चुनाव की सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



द्रास। लद्दाख के पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने आगामी लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) चुनाव के मद्देनजर द्रास जिले में सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला सम्मेलन कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव सुरक्षा, मतदान केंद्रों पर तैनाती, मतदान संबंधी व्यवस्थाओं और संभावित चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों एवं मतदान कर्मचारियों की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं पर विशेष जोर दिया।

डीजीपी ने अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर चौबीस घंटे कड़ी निगरानी एवं पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्रास और पीएम श्री हाई स्कूल थसगाम स्थित मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा नए पुलिस थाना भवन और अग्निशमन उपकेंद्र की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में एसपी द्रास, एसडीएम विशाल अत्री, सीआरपीएफ की 85वीं बटालियन के कंपनी कमांडर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शिल्पग्राम उत्सव 2026 हेतु स्टॉलों की खुली निलामी 7 दिसंबर से

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी



उदयपुर @ पदमावत मीडिया। पश्चिम क्षेत्र सांस्कतिक केन्द्र, उदयपुर द्वारा आयोजित शिल्पग्राम उत्सव - 2026 हेतु शिल्पग्राम परिसर में खाने के व्यंजन/फूड स्टॉल, आईस्क्रीम आदि स्टॉलों की खुली बोली द्वारा निलामी शिल्पग्राम परिसर में की जावेगी। पश्चिम क्षेत्र सांस्कतिक केन्द्र, उदयपुर के केन्द्र निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि शिल्पग्राम उत्सव - 2026 हेतु खाने के व्यंजन/फूड स्टॉल की खुली निलामी दिनांक 7 दिसम्बर 2026 को, आईस्क्रीम, ज्यूस स्टॉल व गन्ने का रस, गुड (बैल चालित चरखिया) तथा शिल्पग्राम चौपाल ढाबा दि. 8 दिसम्बर 2026 को तथा खुरजा पोट्री, कारपेट, सहारनपुर लकड़ी फर्निचर की खुली निलामी 9 दिसंबर 2026 को शिल्पग्राम परिसर में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगी।

इसके अलावा पारंपरिक भोजन हेतु उचित दरों वाली 5 स्टॉलों के लिए तथा शिल्पग्राम उत्सव के दौरान एवं उत्सव के बाद वर्ष पर्यंत ऊंट सवारी हेतु प्रार्थना पत्र 8 दिसंबर 2026 तक बंद लिफाफे में कार्यालय भिजवा सकते है।

खबर संक्षेप

आरटीयू कोटा में अवनि जीवन केंद्र एवं हरित शोधपीठ का उद्घाटन

कोटा @ पदमावत मीडिया। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में बुधवार को कुलपति प्रो. निमित चौधरी की अध्यक्षता में अवनि जीवन केंद्र एवं इसके शोध प्रकोष्ठ



हरित शोधपीठ का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल आर्य ने पर्यावरण संरक्षण को भारतीय चिंतन और जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर दिया। कुलपति ने परिसर को जीवंत प्रयोगशाला के रूप में विकसित करने तथा प्रकृति से जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और मानसिक दृढ़ता को बढ़ावा देने की बात कही। केंद्र के माध्यम से ऊर्जा, जल, कचरा प्रबंधन एवं जैव विविधता के क्षेत्रों में विद्यार्थियों को व्यावहारिक शोध से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भुवनेश माथुर ने स्वच्छ तकनीक एवं औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर ग्रीन आइडियाथॉन-2026 के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा परिसर में पेड़ों की देखभाल के लिए वृक्ष रक्षा अभियान शुरू किया गया।

अनीमिया मुक्त राजस्थान की दिशा में पहल

सीएमएचओ ने किया जागरूकता पोस्टर का विमोचन

बांसवाड़ा @ पदमावत मीडिया। स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज के संकल्प के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर



से अनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को स्वास्थ्य भवन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भरतराम मीणा के सानिध्य में अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया। आईईसी सीओ अमित शाह ने बताया कि पोस्टर में प्रत्येक मंगलवार को स्कूलों में आयोजित होने वाले शक्ति दिवस सहित अनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव एवं रोकथाम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। इसके माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार तथा आयरन की गोलियों के सेवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया है। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राहुल डिंडोर, जिला परियोजना समन्वयक डीडीडब्ल्यू डॉ. प्रवीण गुप्ता, डीपीएम ललित सिंह झाला, डॉ. दिशांत जैन, श्रवण सैनी, कविता सीके और राकेश जोशी मौजूद रहे।

कश्मीर घाटी के 25 बच्चों ने राज्यपाल से की मुलाकात

राज्यपाल ने किया संवाद, कहा– कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक

जयपुर @ पदमावत मीडिया। सामाजिक चेतना अभियान के तहत भारत दर्शन यात्रा पर राजस्थान आए कश्मीर घाटी के 25



बच्चों ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों से संवाद कर उन्हें देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विविधता के महत्व से अवगत कराया। राज्यपाल ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत विविधता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने कश्मीर के इतिहास, संस्कृति और उसे भारत से अलग करने के षड्यंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ राष्ट्र के विकास में सभी को समान भूमिका निभानी चाहिए। इसी सामूहिक सहभागिता से विकसित भारत के स्वप्न को साकार किया जा सकेगा।

हिम्मत सिंह झाला बने उदयपुर के नए जिला प्रमुख, 27-20 से दर्ज की जीत

भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस के लाल सिंह झाला को 7 मतों से हराया, जिला परिषद सभागार में दिनभर चली निर्वाचन प्रक्रिया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत उदयपुर जिला प्रमुख पद के लिए बुधवार को जिला परिषद सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हिम्मत सिंह झाला ने जीत दर्ज कर उदयपुर के नए जिला प्रमुख बनने का गौरव हासिल किया। मतदान में हिम्मत सिंह झाला को 27 मत मिले, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी लाल सिंह झाला को 20 मत प्राप्त हुए। इस तरह भाजपा प्रत्याशी ने 7 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरू हुई निर्वाचन प्रक्रिया, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

निर्वाचन प्रक्रिया की शुरूआत बुधवार सुबह जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल की उपस्थिति में हुई। सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचित जिला



परिषद सदस्यों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने शपथ दिलाई। इसके बाद सभी निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। तत्पश्चात भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं भारत आदिवासी पार्टी के निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रमुख पद के लिए नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे तक चली। भाजपा की ओर से हिम्मत सिंह झाला ने नामांकन पत्र दाखिल



किया, जबकि कांग्रेस की ओर से लाल सिंह झाला ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। सुबह 11.30 बजे तक नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई, जिसमें निर्वाचन अधिकारी ने दोनों प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाते हुए स्वीकार कर लिए।

नाम वापसी के लिए दोपहर 1 बजे तक का समय निर्धारित था। इसके बाद आवश्यकता के अनुसार दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मतदान कराया गया। मतदान समाप्त होते ही मतगणना की गई, जिसमें भाजपा प्रत्याशी हिम्मत सिंह झाला ने 27 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। कांग्रेस प्रत्याशी लाल सिंह झाला को 20 मत मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने नवनिर्वाचित जिला प्रमुख हिम्मत सिंह झाला को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उप जिला प्रमुख का निर्वाचन गुरुवार को

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि पंचायतीराज आम चुनाव के तहत उप जिला प्रमुख का निर्वाचन गुरुवार को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे निर्वाचन बैठक शुरू होगी। सुबह 11 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। इसके बाद 11.30 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी तथा दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी का समय रहेगा। नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। आवश्यकता होने पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के तत्काल बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा।

स्टार हाउसिंग फाइनेंस के 80.15 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की उदयपुर और मुंबई में छापेमारी

उदयपुर। स्टार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े 80.15 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उदयपुर और मुंबई में छह ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई कंपनी के निदेशकों और अन्य संबंधित लोगों के परिसरों पर की गई। मामले में राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) को 80.15 करोड़ रुपये का कथित नुकसान पहुंचाने का आरोप है। सीबीआई ने राष्ट्रीय आवास बैंक की लिखित शिकायत के आधार पर स्टार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, उसके निदेशकों और अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, खातों में हेराफेरी और भ्रष्ट आचरण से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।



शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उधारकर्ता कंपनी ने फर्जी ऋण यानी फैंटम लोन जारी करने के माध्यम से धनराशि का दुरुपयोग किया। इसके चलते राष्ट्रीय आवास बैंक को 80.15 करोड़ रुपये का अनुचित आर्थिक नुकसान हुआ। मामले में नामजद आरोपियों में आशीष जैन (स्टार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रमोटर एवं पूर्व अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक), कविश जैन (निदेशक एवं प्रमोटर), अनिल कृष्णन सचिदानंद (प्रबंध निदेशक) और निर्मल कुमार जैन (गारंटर) शामिल हैं। सीबीआई की तलाशी के दौरान जांच से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री बरामद हुई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में घोषित भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में घोषित भगोड़े आरोपी कुलदीप उर्फ कुलदीप कपूर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने 25 नवंबर को उत्तर प्रदेश के बड़ौत स्थित बिनौली रोड से उसे पकड़ा। आरोपी लंबे समय से कानूनी कार्रवाई से बच रहा था।

सीबीआई ने शिकायत के आधार पर 7 जुलाई 2017 को आरोपी रोशन फर्नांडो, कुलदीप कपूर और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपियों ने नेपाल की एक महिला को चीन में नौकरी दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी एवं बेईमानी से उससे किस्तों में एक लाख रुपये प्राप्त किए। इसके बाद महिला को अन्य लोगों के साथ चीन भेज दिया गया, जहां उसने एक विनिर्माण कारखाने में काम किया। 14 मार्च 2017 को चीनी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बाद में चीन स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों के हस्तक्षेप से महिला



और अन्य लोगों को स्वदेश भेजा गया। पीड़िता को 13 अप्रैल 2017 को काठमांडू, नेपाल भेजा गया।

2019 में दाखिल हुई थी चार्जशीट

जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 30 सितंबर 2019 को रोशन फर्नांडो और कुलदीप उर्फ कुलदीप कपूर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 420, 471 के साथ 468 तथा उत्प्रवास अधिनियम, 1983 की धारा 24 के तहत नई दिल्ली स्थित सक्षम न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था।

मुकदमे की सुनवाई के दौरान कानूनी कार्रवाई से बचने के कारण न्यायालय ने 19 जनवरी 2023 को कुलदीप उर्फ कुलदीप कपूर को घोषित भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था।

सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के बड़ौत से कुलदीप कपूर को पकड़ा, नेपाली महिला को चीन में रोजगार दिलाने का झांसा देकर एक लाख रुपये लेने का आरोप

विशेष टीम ने सूचना के आधार पर पकड़ा फरार आरोपी का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई ने खुफिया सूत्र विकसित कर विशेष टीम गठित की थी। विशिष्ट सूचना के आधार पर टीम ने बड़ौत के बिनौली रोड पर आरोपी को ट्रैक कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा।

नवांकुर फाउंडेशन एवं नवांकुर परिवार का भव्य शुभारंभ, समाजसेवा और जरूरतमंदों की मदद का लिया संकल्प

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

सोशल मीडिया से जुड़े लोग राष्ट्र और समाजहित में रील बनाएं, किसी के हाथ की कठपुतली न बनें : डॉ. कमलकांत उपमन्यु

राया। ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि सोशल मीडिया से जुड़े लोगों को राष्ट्र एवं समाजहित में रील बनानी चाहिए और किसी के हाथ की कठपुतली नहीं बनना चाहिए। वे मथुरा जिले के कस्बा राया स्थित सांवरिया गेस्ट हाउस में नवांकुर फाउंडेशन एवं नवांकुर परिवार के शुभारंभ समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

समारोह का शुभारंभ फाउंडेशन के संस्थापक ब्रजवासी आशु एवं ओम सिंघल के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में राया क्षेत्र के समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर संस्था की पहल की सराहना की। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य चौधरी सतपाल सिंह, राया चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, समाजसेवी भूपेश अग्रवाल, नरेंद्र रावत, विकास चौधरी, कृष्णकांत अग्रवाल, अखिल अग्रवाल एवं सत्यपाल चौधरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। राया और आसपास के क्षेत्रों से करीब 60 सोशल मीडिया क्रिएटर्स ने भी सहभागिता की।

जरूरतमंदों की सहायता और सकारात्मक बदलाव का लक्ष्य

फाउंडेशन के संस्थापक ब्रजवासी आशु एवं ओम सिंघल ने बताया कि नवांकुर फाउंडेशन एक गैर-सरकारी सामाजिक संस्था है, जिसकी स्थापना गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोगों की सहायता के उद्देश्य से की गई है। संस्था के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाने, गरीब बच्चों एवं असहाय लोगों का सहयोग करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल संगठन बनाना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां लाना है।

मुख्य अतिथि डॉ. कमलकांत उपमन्यु ने संस्था की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने वाले संगठनों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। समाजसेवा के कार्यों में युवाओं और सामाजिक रूप से सक्रिय लोगों की भागीदारी से सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों को शुभकामनाएं दीं।

अतिथियों एवं क्रिएटर्स का किया सम्मान

समारोह के दौरान संस्थापक ब्रजवासी आशु एवं ओम सिंघल ने अतिथियों, समाजसेवियों और क्रिएटर्स को दुपट्टा पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संस्था के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में सहयोग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए जलपान और भोजन की व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन में उत्साह, आपसी सौहार्द और सामाजिक एकजुटता का माहौल रहा। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं करीब 60 क्रिएटर्स का आभार व्यक्त किया। नवांकुर फाउंडेशन के शुभारंभ के साथ क्षेत्र में समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए नई पहल शुरू हुई।

ठाकुर अमरचंद बड़वा चौराहे पर नामकरण बोर्ड और प्रतिमा स्थापना की मांग तेज



उदयपुर @ पदमावत मीडिया। मेवाड़ के प्रधानमंत्री ठाकुर अमरचंद बड़वा के सम्मान में शोभागपुराझविश्वविद्यालय 80 फीट लिंक रोड स्थित चौराहे पर नामकरण बोर्ड एवं प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर 31 समाज संगठनों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ठाकुर अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संभागीय आयुक्त का कार्यभार संभाल रहे सीआर देवासी तथा उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त अभिषेक खन्ना को ज्ञापन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। संस्थान के अध्यक्ष प्रो. विमल शर्मा ने बताया कि 5 जून 2018 को तत्कालीन नगर विकास न्यास की बैठक में चौराहे का नामकरण ठाकुर अमरचंद बड़वा के नाम पर करने की घोषणा हुई थी, लेकिन आठ वर्ष बाद भी नामकरण बोर्ड नहीं लगाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने उनके ऐतिहासिक योगदान और मेवाड़ की विरासत के सम्मान में प्रतिमा स्थापना की मांग रखी। अधिकारियों ने आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया। इस अवसर पर विभिन्न समाजों एवं संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बराबर मत मिलने पर लॉटरी से अनुतोष रोत बने डूंगरपुर जिला प्रमुख

डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया। जिला परिषद के जिला प्रमुख पद के निर्वाचन में भाजपा प्रत्याशी कांतिलाल डामोर और भारतीय आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अनुतोष रोत को 14-14 मत मिले। दोनों प्रत्याशियों के बीच बराबर मत होने पर राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें अनुतोष रोत के नाम की पर्ची निकली। इसके बाद उन्हें जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी देशलदान ने नवनिर्वाचित जिला प्रमुख अनुतोष रोत को निर्वाचन प्रमाण-



पत्र प्रदान कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचन प्रक्रिया जिला परिषद के ईडीपी सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र रेगर की उपस्थिति में संपन्न हुई।

सुन्दर बनीं राजसमंद की नई जिला प्रमुख, 29 में से 17 सदस्यों ने किया समर्थन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजसमंद। जिला परिषद राजसमंद में बुधवार को जिला प्रमुख पद का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी सुन्दर ने जीत दर्ज की। जिला परिषद के कुल 29 निर्वाचित सदस्यों में से 17 सदस्यों ने उनके पक्ष में मतदान किया। बहुमत प्राप्त होने पर सुन्दर को जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित घोषित किया



गया। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा ने नवनिर्वाचित जिला प्रमुख सुन्दर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कस्वा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में जिला पुलिस की ओर से चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किए गए।

देशभर में तटीय सुरक्षा अभ्यास सी विजिल-26 शुरू, 26 नवंबर तक चलेगा अभियान

अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में समुद्री सुरक्षा एजेंसियां तैनात, तटीय क्षेत्रों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तैयारियों का होगा आकलन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

अंडमान-निकोबार। देशव्यापी द्विवार्षिक तटीय सुरक्षा अभ्यास सी विजिल-26 का अंडमान एवं निकोबार कमान के समन्वय से 25 नवंबर को सुबह 8 बजे शुभारंभ हुआ। यह अभ्यास 26 नवंबर रात 8 बजे तक अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में जारी रहेगा। इसी अवधि में देश के सभी तटीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में भी एक साथ यह अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय को परखना और मजबूत करना तथा संभावित समुद्री खतरों से तटीय क्षेत्रों



एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों का आकलन करना है। अभ्यास के तहत तटरेखा के रास्ते रेड फोर्स की संभावित घुसपैठ रोकने के लिए पुलिस समुद्री बल (पीएमएफ) की नौकाओं एवं जहाजों को तटीय गश्त और निगरानी के लिए तैनात किया गया है। पीएमएफ,



जिला पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियां बेहतर समन्वय एवं व्यापक तटीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। अभ्यास की तैयारियों के तहत पीएमएफ इकाई ने 24 नवंबर को भारतीय तटरक्षक बल, मत्स्य विभाग, वन विभाग और पोर्ट मैनेजमेंट बोर्ड सहित विभिन्न तटीय सुरक्षा से जुड़े विभागों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित कीं। इसके अलावा मछुआरा निगरानी समूहों और आम नागरिकों के साथ जागरूकता बैठकें भी की गईं। इनमें तटीय सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा समुद्र तट पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की पहचान कर उसकी सूचना देने में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन ने आम नागरिकों से अभ्यास के दौरान घबराने की आवश्यकता नहीं होने की अपील की है। साथ ही सुरक्षा बलों एवं इसमें भाग लेने वाली एजेंसियों को पूरा सहयोग देने का आग्रह किया है, ताकि तटीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित यह महत्वपूर्ण अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail: padmavatmedia@gmail.com / Web: padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।